# Chapter 3 साझेदारी का पुनर्गठन - साझेदारी का मृत्यु

**1. B, C एवं D साझेदार हैं जो लाभों को 7 : 5 : 4 के अनुपात में विभाजित करते हैं । 30 जून , 2013 को D की मृत्यु हो गई और वर्ष 2012-13 के लिए लाभ ₹ 12,000 थे । 1 अप्रैल , 2013 से 30 जून , 2013 तक की अवधि के लिए लाभ में हिस्से की कितनी राशि से D के खाते को क्रेडिट किया जायेगा**

(A) ₹ 3,000

(B) ₹ 750

(C) शून्य

(D) ₹ 1,000

**Ans (B)** ₹ 750

**2. मृतक साझेदार को देय राशि चुकायी जाती है उसके ……………**

(A) पिता को

(B) दोस्त को

(C) पत्नी को

(D) निष्पादक / उत्तराधिकारी

**Ans (D)** निष्पादक / उत्तराधिकारी

**3. A , B एवं C साझेदार हैं और लाभ-हानि को 2 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं । C की मृत्यु 31 मार्च , 2014 को हो गई । 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ ₹ 64,000 है । लाभ में मृतक साझेदार का हिस्सा होगा**

(A) 9,200

(B) 12,800

(C) 3,100

(D) ₹ 6,100

**Ans (B)** 12,800

**4. साझेदारों की संयुक्त जीवन पॉलिसी एक ……… खाता है**

(A) नाममात्र

(B) व्यक्तिगत

(C) दायित्व

(D) सम्पत्ति

Ans (B) व्यक्तिगत

**5. फर्म द्वारा प्राप्त संयुक्त बीमा पॉलिसी की राशि बाँटी जाती है**

(A) प्रारम्भिक पूँजी अनुपात में

(B) अन्तिम पूँजी अनुपात में

(C) साझेदारों के पुराने लाभ विभाजन अनुपात में

(D) साझेदारों के नये अनुपात में

Ans (C) साझेदारों के पुराने लाभ विभाजन अनुपात में

**6. A, B एवं C 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजित करते हुए साझेदार हैं ₹ 3,00,000 की संयुक्त जीवन पॉलिसी थी चिट्ठा में इसका समर्पण मूल्य ₹ 90,000 है C की मृत्यु हो जाती है । पॉलिसी में प्रत्येक साझेदार का हिस्सा क्या है ?**

(A) 1,05,000 ; 70,000 ; 35,000

(B) 45,000; 90,000; 15,000

(C) 1,50,000 ; 71,00,000 ; 60,000

(D) 1,95,000 : 1.30,000 ; 65,000

Ans (A) 1,05,000 ; 70,000 ; 35,000

**7. XY एवं 27:54 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हुए साझेदार हैं । 30 जून , 2013 को 2 की मृत्यु हो गई और 31 मार्च , 12014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ ₹ 2,40,000 1 अप्रैल 2013 से 30 जून 2013 की अवधि के लिए लाभ में हिस्से के लिए किस राशि से 2 के खाते को क्रेडिट किया जाएगा , मान लें कि वर्ष भर लाभ समान रूप से हुए**

(A) ₹ 60,000

(B) 15,000

(C) ₹ 20,000

(D) शून्य

**Ans (B)** 15,000

**8. किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उसको देय पूरी राशि किसके पूँजी खाते में हस्तान्तरित की जायेगी**

(A) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में

(B) शेष साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) उसके उत्तराधिकारी के खाते में

(D) सरकार के खाते में

**Ans (C)** उसके उत्तराधिकारी के खाते में

**9. साझेदार की मृत्यु पर अन्तिम भुगतान होता है**

(A) पूँजी खाना से

(B) निष्पादक खाते से

(C) चालू खाता से

(D) ऋण खाता से

**Ans (B)** निष्पादक खाते से

**10. पुनर्मूल्यांकन खाता किस समय तैयार किया जाता है**

(A) नए साझेदार के प्रवेश

(B) किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण

(C) किसी साझेदार की मृत्यु

(D) उपर्युक्त सभी

**Ans (D)** उपर्युक्त सभी

**11. भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 की धारा 37 के अनुसार उत्तराधिकारी व्याज के लिए प्रतिवर्ष से अधिकृत होंगे साझेदार की मृत्यु को तिथि से मृत साझेदार को देय अन्तिम राशि पर भुगतान की तिथि तक**

(A) 7

(B) 4

(C) 6

(D) 8

**Ans (C)** 6

12**. X, Y तथा Z साझेदार हैं जो लाभ-हानि 2:1:1 में बाँटते हैं। फर्म के पास ₹ 1,20,000 की एक संयुक्त बीमा पॉलिसी है तथा चिट्ठे में यह ₹ 20,000 के समर्पण मूल्य पर दिखाई जा रही है X की मृत्यु पर इस JLP को कैसे साझेदारों में बाँटा जायेगा ?**

(A) 50,000 : 25,000 25,000

(B) 60,000 30,000 30,000

(C) 40,000 35,000 25,000

(D) सम्पूर्ण ₹ 1,20,000 A को

**Ans (A)** 50,000 : 25,000 25,000

**13. R. J तथा D साझेदार हैं जिनका लाभ-विभाजन अनुपात 7:5:4 है । 30 जून 2013 को D की मृत्यु हो गई तथा लेखांकन वर्ष 2012-13 के लिए लाभ ₹ 24,000 थे 1 अप्रैल 2013 से 30 जून , 2013 तक की अवधि के लिए D के खाते में कितना लाभ क्रेडिट किया जाएगा**

(A) 6,000

(B) ₹ 1,500

(C) शुन्य

(D) ₹ 2,000

**Ans (B)** ₹ 1,500

**14. यदि तीन साझेदार A , B तथा C 5:3:2 में लाभ बाँट रहे हैं तो साझेदार A की मृत्यु पर ख्याति के नाम पर A के उत्तराधिकारी को B और C कितनी राशि चुकायेंगे ख्याति का मूल्यांकन 3 वर्ष के औसत लाभ के दुगने पर किया जाता है । विगत तीन वर्षों के कुल लाभ 10,80,000 है**

(A) 2,16,000 1,42,000

(B) ₹ 2,44,000 तथा ₹ 2,16,000

(C) ₹ 3,60,000 तथा 3,60,000

(D) ₹ 2,16,000 तथा ₹ 1,44,000

**Ans (D)** ₹ 2,16,000 तथा ₹ 1,44,000

**15. किसी साझेदार की मृत्यु पर उसके उत्तराधिकारी को सम्बद्ध अवधि के लिए मृत साझेदार के लाभ का भाग चुकाया जाता है । इस भुगतान का लेखा Profit and Loss ..... A/ c में किया जाता है**

(A) समायोजन

(B) विनियोजन

(C) संशय

(D) संचय

**Ans (C)** संशय

**16. एक साझेदार की मृत्यु के समय पर फर्म सभी साझेदारों के लिए ली गई संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी के प्रति बीमा कम्पनी से ....... पाती है**

(A) पॉलिसी राशि

(B) समर्पण मूल्य

(C) मृत साझेदार की पॉलिसी राशि

(D) सभी साझेदारों का समर्पण मूल्य

**Ans (A)** पॉलिसी राशि

**17. A , B तथा C साझेदार हैं जो लाभ-हानि को 3:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं 1.3.2014 को C की मृत्यु हो गई । पिछले चार वर्षों के लिए फर्म का औसत लाभ ₹ 72,000 है । पुस्तकें 31 दिसम्बर को बन्द की जाती हैं । मृत्यु की तिथि तक C का लाभ में हिस्सा होगा -**

(A) ₹ 2,000

(B) ₹ 12,000

(C) 1,400

(D) ₹ 24,000

**Ans (A)** ₹ 2,000

**18. A, B और C लाभ-हानि को 3 : 2 : 1 अनुपात में बाँटते हुए साझेदार हैं । C की मृत्यु हो जाती है और ख्याति का मूल्य ₹ 60,000 लगाया जाता है । मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को ख्याति के निमित्त देय राशि होगी**

(A) 30,000

(B) 25,000

(C) 10,000

(D) 20,000

**Ans (C)** 10,000

19**. x, y तथा z लाभ-हानि को 5:3:2 के अनुपात में बाँटते हुए साझेदार हैं । उन्होंने 60,000 की एक संयुक्त जीवन पॉलिसी ली । y की मृत्यु होने पर प्रत्येक साझेदार को चुकायी जाने वाली राशि क्या होगी ?**

(A) x 94,000 and y 16,000

(B) x 28,000, y 32,000

(C) x 30,000 , y 18,000 and z 12,000

(D) x 28,000 and y 16,000 and z 20,000

**Ans (C)** x 30,000 , y 18,000 and z 12,000

**20. M , L तथा A 9 : 4 : 3 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार हैं । उन्होंने ₹ 96,000 की एक - एक संयुक्त जीवन पॉलिसी ले रखी है । A की मृत्यु हो जाती है । संयुक्त जीवन पॉलिसी के राशि में A का हिस्सा क्या है ?**

(A) 18,000

(B) 24,000

(C) 54,000

(D) 20,000

**Ans (A)** 18,000

**21. एक साझेदार की मृत्यु की दशा में , संचित लाभ व हानियाँ साझेदारों द्वारा बाँटी जाती हैं उनके –**

(A) पुराने लाभ-विभाजन के अनुपात में

(B) नये लाभ-विभाजन अनुपात में

(C) पूँजी अनुपात में

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (A)** पुराने लाभ-विभाजन के अनुपात में

**22. एक साझेदार की मृत्यु होने पर संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी को निम्न के पूँजी खाते में जमा किया जाता है-**

(A) सिर्फ मृत साझेदार

(B) मृत साझेदार सहित सभी साझेदारों

(C) शेष बचे साझेदारों , उनके नये लाभ-विभाजन अनुपात में

(D) शेष बचे साझेदारों , उनके पुराने लाभ-विभाजन अनुपात में

**Ans (B)** मृत साझेदार सहित सभी साझेदारों

**23. मृतक साझेदार के निष्पादक को साझेदार की मृत्यु तिथि से देय राशि पर ब्याज दिया जायेगा.**

(A) 8 % p.a.

(B) 5 % p.a.

(C) 6 % p.a.

(D) 7 % p.a.

**Ans (C)** 6 % p.a.

**24. किसी साझेदार की मृत्यु पर , शेष साझेदार जिन्होंने लाभ- विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण अभिलाभ लिया है , क्षतिपूर्ति करेंगे**

(A) केवल मृतक साझेदार को

(B) शेष साझेदार ( जिन्होंने त्याग किया है ) , साथ ही साथ मृतक साझेदार को

(C) केवल शेष साझेदारों की ( जिन्होंने त्याग किया है )

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (B)** शेष साझेदार ( जिन्होंने त्याग किया है ) , साथ ही साथ मृतक साझेदार को